

**एक नजर में**

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान में रोपे पौधे

**गुना।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत ग्राम बजरंगढ़ की आचार्य कुटी गौशाला परिसर में 101 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सतीश चतुर्वेदी ने पौधों को जीवन का आधार बताते हुए उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। जिला समन्वयक मंजुषा सालोमन ने कहा कि पौधों की देखभाल नवजात शिशु की तरह करनी चाहिए। वहीं, ब्लॉक समन्वयक अमित गोयल ने अंकुर अभियान की जानकारी देते हुए रोपे गए पौधों की फोटो 'वायुदूत ऐप' पर अपलोड करने की अपील की, ताकि सतत मॉनिटरिंग हो सके। आयोजन में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## पर्याप्त नमी होने पर ही करें उर्वरक का उपयोग

**गुना।** उपसंचालक कृषि संजीव शर्मा ने किसानों को सलाह दी है कि खरीफ फसलों में खेतों में पर्याप्त नमी होने पर ही नींदानाशक दवाओं का छिड़काव और यूरिया उर्वरक का संतुलित मात्रा में उपयोग करें। किसानों को मौसम पूर्वानुमान, बिजली गिरने और अतिवृष्टि की जानकारी के लिए मौसम ऐप, मेघदूत और दामिनी ऐप का उपयोग करने का सुझाव दिया गया है। कृषि विभाग के अनुसार, 15 से 20 दिन की फसल में निदाई-गुड़ाई और कुलपा चलाकर 5 टन प्रति हेक्टेयर की दर से फसल अवशेषों की मल्चिंग करें, जिससे खेत की नमी संरक्षित रहे और खरपतवार नियंत्रण में मदद मिले। विभाग ने मिट्टी में दरारें पड़ने से पहले आवश्यकतानुसार जीवन रक्षक सिंचाई करने और अत्यधिक कृषि रसायनों के इस्तेमाल से बचने की अपील की है।

# युवक से बेदर्दी से मारपीट, 5 पर दर्ज की एफआईआर

## दबंगों के गुट ने युवक को लात-थप्पड़ मारे, फिल्मी गाने के साथ वीडियो किया वायरल



नवभारत न्यूज

**गुना/कुंभराज 22 जुलाई का। कुंभराज थाना क्षेत्र से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ दबंगों के एक गुट ने एक युवक को घेरकर न केवल चप्पलों और लात-थप्पड़ों से बेदर्दी से पीटा, बल्कि पीड़ित की बेबसी का वीडियो बनाकर उस पर फिल्मी गाना लगाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई कुंभराज पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पाँच आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित राजू प्रजापति का बीते 16 जुलाई की रात रामसिंह केवट नामक व्यक्ति से किसी मामूली बात को लेकर विवाद हो गया था। उस वक्त मामला शांत हो गया था, लेकिन अगले दिन सुबह आरोपियों ने साजिश के तहत वारदात को अंजाम दिया। शिकायतकर्ता जगदीश प्रजापति ने बताया कि 17 जुलाई की सुबह आरोपी पंकज उनके घर पहुँचा और उनके भाई राजू को झांसा देकर अपने साथ बुलाकर ले गया। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे पहलवान केवट, जितेन्द्र केवट, छोटेलाल केवट और राहुल केवट ने राजू को चारों तरफ से घेर लिया। इसके बाद आरोपियों ने राजू को गंदी-गंदी गालियाँ देते हुए चप्पलों और लात-थप्पड़ों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। दबंगों ने न केवल मारपीट की बल्कि उसे जान से मारने की धमकियाँ भी दीं।

**फिल्मी गाने के साथ सोशल मीडिया पर वायरल किया वीडियो**

अत्याचार की हद तो तब हो गई जब आरोपियों ने पीड़ित की लाचारी और यातना का अपने मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड किया। दबंगों ने अपनी दबंगई का खौफ पैदा करने के मकसद से इस वीडियो के बैकग्राउंड में एक फिल्मी गाना जोड़ा और उसे सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर वायरल कर दिया। इधर, लोक-लाज और दबंगों के खौफ के कारण पीड़ित राजू प्रजापति ने अपने साथ हुई इस दरिंदगी की भनक अपने परिवार तक को नहीं लगने दी। परिजनों को घटना का पता तब चला जब उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर तैर रहे इस दिल दहला देने वाले वीडियो को देखा।

**उलटे पीड़ित को भिजवा दिया जेल, अब हरकत में आई पुलिस**

मामले में प्रशासनिक और कानूनी मोड़ तब आया जब घटना के तुरंत बाद आरोपियों ने शातिर चाल चलते हुए उलटे राजू प्रजापति के खिलाफ ही पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी। कुंभराज पुलिस के अनुसार, राजू के खिलाफ न्यायालय का एक पुराना स्थायी वारंट लंबित था। पुलिस ने वारंट की तामीली करते हुए राजू को गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। जेल की सलाखों के पीछे बंद बेबस राजू की व्यथा तब उजागर हुई जब उसकी पिटाई का वीडियो इलाके में तेजी से शेयर होने लगा। जब पीड़ित के परिजन वायरल वीडियो लेकर थाने पहुँचे, तब जाकर पुलिस को पूरी सच्चाई का पता चला। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कुंभराज थाना पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और पाँचों नामजद आरोपियों—पंकज, पहलवान केवट, जितेन्द्र केवट, छोटेलाल केवट और राहुल केवट के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, धमकी देने और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो को साक्ष्य के रूप में शामिल कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।



## बुलेट राजा को सबक! कर्कश साइलेंसरों पर चला रोड रोलर

**गुना।** शहर की सड़कों पर बुलेट के कर्कश और बम जैसे धमाके करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसरों पर यातायात पुलिस ने सख्त एक्शन लेते हुए अनोखा सबक सिखाया। बुधवार दोपहर हनुमान चौराहा, जिला न्यायालय मार्ग पर जब तेज रफ्तार और कानों को चुभने वाले 80 से अधिक अवैध साइलेंसरों पर रोड रोलर गरजा, तो वहां मौजूद लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की जमकर तारीफ की। दरअसल एसपी हितिका वासल के निर्देशन, एडिशनल एसपी प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन और डीएसपी मुकेश कुमार दीक्षित के सुपरविजन में हुई इस कार्रवाई ने नियम तोड़ने वालों को कड़ा संदेश दिया है। यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह, आरआई हर्ष यादव, आरआई अविनाश उमरैया और सूबेदार यशवंत रघुवंशी की टीम ने हनुमान चौराहा स्थित पुलिस पेट्रोल पंप के सामने मुख्य सड़क पर ही दर्जनों जब्त साइलेंसर बिछाकर उन पर भारी-भरकम रोड रोलर चला दिया ताकि वे दोबारा इस्तेमाल न हो सकें। डीएसपी यातायात मुकेश कुमार दीक्षित ने बताया कि लगभग 2 महीनों से तेज आवाज कर आमजन, बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को परेशान करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान न केवल 80 अवैध साइलेंसर जब्त किए गए, बल्कि वाहन चालकों से करीब एक लाख 25 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। गुना में पहली बार सार्वजनिक रूप से साइलेंसरों को नष्ट करने का यह नजारा देखकर राहगीर भी हैरान रह गए। पुलिस ने साफ चेतावनी दी है कि ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी इसी तरह जारी रहेगी।

## प्राणघातक हमले के मामले में बीनागंज चौकी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**गुना।** गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन में बीनागंज चौकी पुलिस ने ग्राम सुंदरपुरा में हुए प्राणघातक हमले के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने घटना के महज 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद किया है। 21 जुलाई को टोडी निवासी फरियादी महेश रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 20 जुलाई की रात सुंदरपुरा पठार के पास 6-7 लोगों ने रास्ता रोककर मारपीट की और जान से मारने की नीयत से लाठी-फर्सी से हमला कर दिया। शिकायत पर चाचौड़ा थाना पुलिस ने हरिबहादुर मीना, सुमित मीना, मनीष मीना, कुलदीप मीना और रोहित मीना सहित अन्य के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया। तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने 22 जुलाई को दो मुख्य आरोपियों—हरिबहादुर मीना (26 वर्ष) निवासी सुंदरपुरा और रोहित मीना (29 वर्ष) निवासी टोडी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में देशी कट्टा मिलने पर आर्म्स एक्ट की धाराएं बढ़ाई गईं। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है, जबकि फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## फिर मददसागर साबित हुए समाजसेवी प्रमोद भार्गव



नवभारत न्यूज

**गुना।** ट्रेन हादसे में घायल होकर अपनों से बिछड़े महाराष्ट्र के पालघर निवासी संदीप को आखिरकार अपना परिवार मिल गया। जिला अस्पताल में भर्ती इस अज्ञात युवक की जान बचाने और उसे सकुशल घर पहुंचाने में समाजसेवी प्रमोद भार्गव की संवेदनशीलता और अथक प्रयास बेहद मददगार साबित हुए हैं।

दरअसल, संदीप नामक व्यक्ति ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। सिर में गहरी चोट होने के कारण वह बेहोश था और उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी। अज्ञात मरीजों की सेवा में तत्पर रहने वाले प्रमोद भार्गव ने तुरंत उसका सीटी स्कैन कराया और बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर ले जाने की तैयारी की। होश में आने पर संदीप ने अपना नाम और पालघर जिला बताया। प्रमोद भार्गव ने तत्परता दिखाते हुए पालघर के कई थानों में फोटो भेजकर पड़ताल शुरू की। आखिरकार सिगांव गांव में उसके परिवार का सुराग मिला। आठ दिन से गुमशुदा संदीप की वीडियो कॉल पर पत्नी से बात कराई गई। इसके बाद करीब 30 घंटे का सफर तय कर परिजन गुना पहुंचे, जहां औपचारिकताएं पूरी कर संदीप को उनके सुपुर्द कर दिया गया। डॉक्टरों, अस्पताल स्टाफ और समाजसेवी की इस संयुक्त पहल की हर ओर सराहना हो रही है।

## सड़कों पर उतरे 'कलेक्टर-एसपी' पैदल नापे शहर के चौराहे



नवभारत न्यूज

**गुना।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुगम बनाने तथा अतिक्रमण की समस्या के प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने मंगलवार को शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यातायात प्रबंधन, सड़क सुरक्षा, अतिक्रमण हटाने, विद्युत व्यवस्था तथा सड़क चौड़ीकरण को लेकर मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने रिलायंस पेट्रोल पंप तिराहे से नानाखेड़ी तक पैदल भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों को व्यवस्थित कराने और अवैध अतिक्रमण तथा गुमटियों को हटाने के निर्देश दिए गए। नानाखेड़ी क्षेत्र में सड़क किनारे बने गड्ढों को शीघ्र भरने के लिए नगर पालिका को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अंबेडकर चौराहे पर रात्रि आवागमन सुरक्षित करने हेतु स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। हनुमान चौराहे पर यातायात के दबाव को देखते हुए लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका को मिलकर सड़क चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र शुरू करने को कहा गया। जय स्तंभ चौराहे पर बिखरी विद्युत वायरिंग को व्यवस्थित करने और स्पष्ट लाइन मार्किंग के अनुरूप यातायात संचालित कराने के निर्देश मिले।

**दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उपाय**

जगत होटल क्षेत्र में सड़क डिवाइडरों पर रात्रि दृश्यता बढ़ाने के लिए रेडियम स्टड व रिफ्लेक्टिव संकेतक लगाने के निर्देश दिए गए। वहीं मारुति सुजुकी तिराहे पर वाहनों की तेज गति को देखते हुए स्पीड ब्रेकर बनाने का सुझाव दिया गया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन और एसडीएम शिवानी पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## गोवर्धन कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब



नवभारत न्यूज

**मधुसूदनगढ़।** तहसील के ग्राम उकाबाद में समाजसेवी एवं भाजपा नेता दिलीप शर्मा के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कथा व्यास 'पनिया वाले पूज्य गुरुजी' नागर जी ने भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथा के दौरान गुरुजी ने कहा कि गोवर्धन पर्वत की पूजा के माध्यम से श्रीकृष्ण ने प्रकृति, गौमाता, जल, वन और पर्यावरण की रक्षा को ही सच्ची ईश्वर भक्ति बताया है। गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और गौसेवा का महान संदेश है। उन्होंने अहंकार त्यागकर करुणा, परोपकार और सेवा मार्ग अपनाने का आह्वान किया। यज्ञाचार्य पंडित मोहित जी नागर के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना संपन्न हुई। पूरे पंडाल में राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयघोष गूंजते रहे। आयोजन में ग्राम सरपंच धीरज सिंह मीणा, पवन शर्मा, अभिषेक शर्मा, विनायक शर्मा, राजकुमार शर्मा और बड़ी संख्या में महिलाओं सहित आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालु उपस्थित रहे। दिलीप शर्मा व उनके परिवार द्वारा सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं की गईं।

## मानसून की बेरुखी से गुना जिला बेहाल, बीते साल की तुलना में आधी ही हुई बारिश

**गुना।** बारिश की बेरुखी ने गुना जिले को परेशान कर रखा है। मानसून की आमद दर्ज हुए लगभग एक महीने का समय बीतने के बावजूद गुना जिला झमाझम बारिश के लिए तरस रहा है। खासतौर पर बीते साल की तुलना में बारिश के आंकड़े चिंताजनक नजर आ रहे हैं। दरअसल, बारिश का हिसाब-किताब रखने वाले भू-संसाधन प्रबंधन विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो 22 जुलाई तक गुना जिले में सिर्फ 367 मिलीमीटर बारिश ही दर्ज हो चुकी है। जबकि बीते साल 2025 में 22 जुलाई की स्थिति बिल्कुल अलग नजर आ रही थी। आंकड़ों के मुताबिक पिछले वर्षाकाल यानी 2025 में 22 जुलाई 603 मिलीमीटर बारिश दर्ज हो चुकी थी। दोनों साल का तुलनात्मक विश्लेषण करने पर पता चलता है कि साल 2025 बारिश के लिहाज से सुहावना नजर आ रहा था। लेकिन इस बार मानसून ने गुना जिले को ऐसा तरसा दिया है कि जुलाई का महीना बीतने वाला है और अभी तक झमाझम बारिश का इंतजार है। खासकर गुना, बमौरी, आरोन और राघौगढ़ ब्लॉक में स्थिति चिंताजनक है। जबकि कुंभराज, मधुसूदनगढ़ और चांचौड़ा में आंकड़े थोड़े संतोषजनक नजर आते हैं। विभाग के मुताबिक 22 जुलाई तक गुना में 163 मिलीमीटर, बमोरी में 182, आरोन में 241, राघौगढ़ में 274, चांचौड़ा ब्लॉक में 504, कुंभराज में 602 और मधुसूदनगढ़ में 604 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है। गुना जिले की औसत बारिश 1053.5 मिलीमीटर है।

## कुंभराज मुक्तिधाम की जमीन पर कब्जे का आरोप



**कुंभराज।** कुंभराज स्थित वार्ड क्रमांक 12 के मुक्तिधाम की भूमि पर अवैध कब्जे और निर्माण कार्य को लेकर विरोध तेज हो गया है। इस मामले में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुंभराज के पदाधिकारियों ने गुना कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को एक लिखित आवेदन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया गया कि मुक्तिधाम की भूमि पर कब्जा कर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है, जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए।

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वार्ड क्रमांक 12 स्थित मुक्तिधाम की बहुमूल्य भूमि पर नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा मनमाने तरीके से 25 से 30 निजी दुकानों का निर्माण कराने की योजना बनाई जा रही है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि मुक्तिधाम नगर वासियों के लिए एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थान है, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासन की अनदेखी के कारण नगर की इस धरोहर पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। ज्ञापन में बताया गया कि इस अवैध निर्माण और मनमानी को लेकर स्थानीय पार्षदों तथा नगर के नागरिकों द्वारा लगातार आपत्ति दर्ज कराई गई है। इसके बावजूद अब तक इस विषय पर कोई ठोस प्रशासनिक सुनवाई नहीं हुई है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि मामले में तुरंत हस्तक्षेप करते हुए जांच कराई जाए और मुक्तिधाम की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

**शपथ समारोह** | **आईजी अरविंद सक्सेना ने पुलिस बल को दिलाई नशामुक्ति की शपथ**

# नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान को मिला नया संबल



नवभारत न्यूज

**गुना। प्रदेशव्यापी नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत बुधवार को अभियान के आठवें दिन पुलिस लाइन गुना परिसर में भव्य जागरूकता एवं नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अरविंद सक्सेना ने अधिकारियों और पुलिस बल को संबोधित करते हुए समाज को पूरी तरह नशामुक्त बनाने का आह्वान किया।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सक्सेना ने कहा कि नशा केवल किसी एक व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं बिगाड़ता, बल्कि उसके पूरे परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से स्वयं नशामुक्त जीवन अपनाने के साथ-साथ समाज के हर वर्ग को नशे के सामाजिक व शारीरिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। आईजी ने कहा कि पुलिस की भूमिका केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह सामाजिक परिवर्तन की एक महत्वपूर्ण वाहक भी है। आईजी अरविंद सक्सेना ने अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्रालय के तीन वर्षीय 'नशा मुक्त भारत विजन' की रूपरेखा भी साझा की। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय विजन का मुख्य उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से देशभर में नशे के खिलाफ एक व्यापक माहौल तैयार करना, युवाओं को भटकाव से बचाना और समाज में सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान इसी राष्ट्रीय संकल्प को धरातल पर साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसमें पुलिस, प्रशासन और हर नागरिक की सहभागिता आवश्यक है।

### पुलिस बल ने ली नशामुक्ति की शपथ

आयोजन के दौरान आईजी सक्सेना ने उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे, समाज को इस बुराई से मुक्त कराने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे और युवाओं को एक स्वस्थ व जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक एवं सेनानी 26वीं वाहिनी विकास पाठक, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक हितिका वासल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन, सहायक सेनानी संजय चतुर्वेदी, डीएसपी मुख्यालय जमीलउद्दीन सिद्दीकी, डीएसपी यातायात मुकेश कुमार दीक्षित, रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। गुना पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे नशे के खिलाफ इस जंग में सहभागी बनें और अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## एकल अभियान का अभ्यास वर्ग में बाल अधिकारों और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**गुना।** एकल अभियान गुना अंचल के 10 दिवसीय अभ्यास वर्ग में बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों के संरक्षण, अधिकारों और शासकीय योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति की सदस्य अनुसुइया रघुवंशी ने उपस्थित आचार्यों को बच्चों के हित में संचालित योजनाओं, उनकी सुरक्षा और कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि शासन द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और पीएम केयर्स योजना जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। अनाथ और संकटग्रस्त बच्चों को इनका लाभ दिलाने के लिए सही प्रक्रिया और दस्तावेजों का ज्ञान होना आवश्यक है। महिलाओं से आपात स्थिति में मदद के लिए उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 का उपयोग करने की अपील की गई। इसके साथ ही, शिक्षा से वंचित बच्चों को पुनः मुख्य धारा से जोड़ने, सोशल मीडिया पर बच्चों के शोषण को रोकने वाले आईटी एक्ट और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर प्रकाश डाला गया। बाल कल्याण समिति ने स्पष्ट किया कि बच्चा गोद लेने के लिए केवल केंद्र सरकार की अधिकृत वेबसाइट कारा की वैधानिक प्रक्रिया ही अपनाएं।



## अशोकनगर के छात्र ने गुना में लगाई फांसी

**गुना।** कैंट थाना क्षेत्र के लोशन बगीचा स्थित गोविंद गार्डन इलाके में बुधवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक 22 वर्षीय छात्र ने अपने किराए के कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मृतक की पहचान सचिन रघुवंशी निवासी ग्राम हिनोतिया थाना शाढ़ौरा, जिला अशोकनगर के रूप में हुई है। सचिन गुना में किराए का कमरा लेकर पढ़ाई कर रहा था। बुधवार सुबह करीब 11 बजे उसने अपने कमरे में पंखे से रस्सी बांधकर फंदा लगा लिया। जब आसपास के लोगों ने उसे लटका देखा तो तुरंत कैंट थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को फंदे से नीचे उतारा।